प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

अध्यक्ष/सचिव,
संचालक सोसाइटी/ट्रस्ट,
सत्र 2024–25 हेतु नवआवेदित डी0फार्म0,
संस्थान।

पत्रांकः–प्राशिप/परिषद/2024/8830 **लखनऊःदिनांक– 10–12–2024**

विषयः–सत्र 2024–25 हेतु परिषद से सम्बद्धता प्रदान किये जाने हेतु यू0–राईज पोर्टल पर आवेदन किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सत्र 2024–25 हेतु डी0फार्मा0 पाठ्यक्रम के संचालन के संबंध में संस्थानों द्वारा यू–राईज पोर्टल के माध्यम से अनापत्ति/एन0ओ0सी0 निर्गत किये जाने हेतु आवेदन किया गया। संस्थानों द्वारा किये गये आवेदन के अनुक्रम में अर्ह संस्थानों को परिषद द्वारा सत्र 2024–25 हेतु एन0ओ0सी0/अनापत्ति निर्गत की गयी।

वर्तमान में ऐसे संस्थान जिन्हें परिषद द्वारा सत्र 2024–25 हेतु डी0फार्मा पाठ्यक्रम संचालन के संबंध में अनापत्ति निर्गत की गयी एवं पी0सी0आई0 द्वारा उन्हें अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है, को परिषद से सम्बद्धता प्रदान किये जाने के संबंध में यू0–राईज पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

सूच्य है कि Miscellaneous Application No. 2296/2024 in C.A. No. 9048/2012 dated 18-11-2024 में मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा निम्नवत् आदेश पारित किये गयेः–

1- The date for completion of approval process is extended upto 25.11.2024 to the applicant/Pharmacy Council for India for the academic year 2024-2025 and the period for deciding the appeal/compliance is extended upto 10-12-2024

मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित उपरोक्त आदेश में फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया को निर्देशित करते हुए सत्र 2024–25 हेतु फार्मेसी संस्थाओं की अनुमोदन प्रक्रिया को बढ़ाते हुए दिनांक 25–11–2024 एवं संस्थाओं की appeal/compliance पर निर्णय लिये जाने हेतु दिनांक 10–12–2024 तक का समय निर्धारित किया गया।

मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित उक्त आदेश के समादर में फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया को संस्थाओं की appeal/compliance पर दिनांक 10–12–2024 तक निर्णय लिये जाने के उपरांत **एक दिवस का अतिरिक्त समय देते हुए निर्देशित किया जाता है कि जिन डी0फार्म0 संस्थानों को पी0सी0आई0 द्वारा दिनांक 10–12–2024 को अनुमोदन प्रदान किया गया है वे संस्थान दिनांक 11–12–2024 के मध्यरात्रि 12.00 बजे तक सत्र 2024–25 हेतु परिषद से सम्बद्धता प्रदान किये जाने के संबंध में यू0–राईज पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। दिनांक 11–12–2024 की रात्रि 12.00 बजे यू0राईज पोर्टल बंद हो जाएगा। यू–राईज पर ऑनलाइन आवेदन करते समय सत्र 2024–25 हेतु पी0सी0आई0 द्वारा निर्गत अनुमोदन पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।**

उक्त तिथि दिनांक 11–12–2024 के पश्चात् सत्र 2024–25 हेतु परिषद से सम्बद्धता प्रदान किये जाने संबंधी कोई भी आवेदन परिषद द्वारा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप/परिषद/2024/8831–33 तद्दिनांक– 10–12–2024

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के अवगतार्थ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
3. निदेशक, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0 कानपुर।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव